कार्यालय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सीहोर (म.प्र.)

E-mail-dcourtseh-mp@nic.in, Contact No. - 07562-292211, Fax- 299475

//विविध आदेश//

क्रमांक/ ५६ /दो–1–1/2021(चतुर्थ श्रेणी भर्ती) सीहोर, दिनांक 05/02/2022

कार्यालय विविध आदेश क्रमांक 11/दो–1–1/2021 दिनांक 08.01.2022 के माध्यम से मध्यप्रदेश के जिला एवं सत्र न्यायालयों की स्थापनाओं पर चतुर्थ श्रेणी (वाहन चालक, भृत्य/चौकीदार/जलवाहक, माली एवं स्वीपर) कलेक्टर रेट/आकस्मिकता निधि से वेतनभोगी कर्मचारी, की सीधी भर्ती/नियुक्ति के अंतर्गत जिला न्यायालय सीहोर में नियत साक्षात्कार दिनांक 15.01.2022 एवं 16.01.2022 को होने वाली साक्षात्कार प्रक्रिया को आगामी आदेश तक स्थगित किया गया था।

उक्त दिनांको को स्थगित किये गये साक्षात्कार के स्थान पर निम्नलिखित तालिका अनुसार तिथि नियत की जाती है:–

साक्षात्कार हेतु पूर्व नियत तिथि	साक्षात्कार हेतु निर्धारित नवीन तिथि
15.01.2022	27.02.2022 (रविवार)
16.01.2022	01.03.2022 (मंगलवार, सार्वजनिक अवकाश)

अभ्यर्थियों के साक्षात्कार हेतु प्रवेश पत्र माननीय उच्च न्यायालय की वेबसाइट पर शीघ्र ही अपलोड किए जाएगें।

Sd/-
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सीहोर (म. प्र.)

पृ.क्रमांक/ 366 /दो–1–1/2021(चतुर्थ श्रेणी भर्ती) सीहोर, दिनांक 05/02/2022

प्रतिलिपिः–

1. निज सचिव, माननीय पोर्टफोलियो न्यायाधिपति महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर प्रेषित कर लेख है कि माननीय महोदय के माध्यम से माननीय उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर को अवगत कराने का कष्ट करे।
2. माननीय रजिस्ट्रार जनरल महोदय, उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश, जबलपुर की ओर सूचनार्थ सादर प्रेषित।
3. प्रिंसिपल रजिस्ट्रार (परीक्षा), उच्च न्यायालय मध्यप्रदेश जबलपुर की ओर सूचनार्थ एवं इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि संबंधित सर्विस प्रोवाईडर को निर्देशित करने का कष्ट करे कि दिनांक 27.02.2022 एवं 01.03.2022 का साक्षात्कार हेतु अभ्यर्थियों को एस. एम. एस./ई–मेल के माध्यम से साक्षात्कार की सूचना अविलम्ब प्रेषित की जावे।
4. श्री चंद्रमोहन, प्रोजेक्ट मैनेजर, टीसीएस की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी लेखा/कम्प्यूटर अनुविभाग सीहोर

6. साक्षात्कार / चयन समिति, सीहोर
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
7. प्रभारी अधिकारी, नजारत अनुविभाग, सीहोर की ओर प्रेषित कर लेख है कि उक्त साक्षात्कार के संबंध में दृष्टतव्य स्थान पर नोटिस बोर्ड तत्काल चस्पा किये जाने हेतु जिला नाजिर को निर्देशित करे।
8. कलेक्टर, कलेक्टर कार्यालय, सीहोर
9. पुलिस अधीक्षक, सीहोर की ओर सुरक्षा गार्ड / पुलिसकर्मी की डयूटी सह बैरिकेटिंग लगवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु प्रेषित।
10. मुख्य नगर पालिका अधिकारी, सीहोर की ओर अभ्यर्थियो के लिये पीने का पानी एवं साफ सफाई तथा चलित शौचालय की व्यवस्था करने हेतु प्रेषित।
11. मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सीहोर
12. अध्यक्ष, जिला अभिभाषक संघ / कर्मचारी संघ जिला न्यायालय, सीहोर
13. जिला परिवहन अधिकारी, सीहोर
की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
14. जूनियर सिस्टम एनालिस्ट, कम्प्यूटर अनुविभाग, सीहोर की ओर इस निर्देश के साथ प्रेषित हैं कि, उक्त आदेश उच्च न्यायालय एवं जिला न्यायालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाया जाना सुनिश्चित करे तथा संबंधित को ई–मेल के माध्यम से प्रेषित करे।
15. जनसंपर्क अधिकारी, सीहोर की ओर आदेश की प्रति इस निर्देश के साथ प्रेषित है कि, साक्षात्कार तिथि की सूचना प्रकाशित करवाया जाना सुनिश्चित करे।
16. प्रशासनिक अधिकारी, उप प्रशासनिक अधिकारी, प्रथम / द्वितीय, लेखापाल, सहायक लेखापाल प्रथम / द्वितीय, की ओर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश
सीहोर (म. प्र.)